हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 27 दिसंबर 2025
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

06 गुलाबी ठंड में देर रात एक बजे तक हुई प्रस्तुति



07 प्रभात फेरी में महिलाएं, बच्चे, पुरुष, गुरबाणी कीर्तन करते...



## खबर संक्षेप में

### क्षेत्र में चोरों के हौंसले बुलंद, आए दिन हो रही चोरी की घटनाएं

**नलखेड़ा।** कई दिनों से क्षेत्र में चोरों के हौंसले बुलंदी पर हैं। ग्रामीण क्षेत्र में घरों व खेतों पर आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। नगर के निवासी एवं ग्राम सुईगांव के किसान सोहमशेखर शर्मा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि बुधवार रात्रि 8 से 9 बजे के मध्य उनके ग्राम सुईगांव में चारखेड़ी माता जी रोड स्थित खेत पर रखा 500 लीटर क्षमता वाला सफेद ड्रम जिसका उपयोग मैं जैविक कृषि हेतु जीवामृत बनाने के लिए करता हूं कोई उस घोल को वही ढोलकर ड्रम और उसके पास सिंचाई हेतु रखा हुआ 250 फीट लंबा लपेटा पाइप भी चोरी कर ले गया। आवेदन में उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी उनके खेत पर स्थित कमरे से अज्ञात चोरों ने बिस्तर पेटी में रखे हुए गेहूँ भी चुरा लिये थे। इसी प्रकार गत 19 दिसम्बर को ग्राम गुदरावन निवासी राहुल कुमार शर्मा द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया था कि उनके सुने घर का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश घर मे रखी आलमारी से सोने चांदी के जेवर व नगदी लगभग 50 हजार रुपये चोरी कर ले गए।

### कांटे के मुकाबले में सीहोर बाइज-सीहोर क्लब 1-1 पर ड्रा

**सीहोर।** शहर सहित आसपास के खिलाड़ियों को मंच देने जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में गुरुवार से चर्च मैदान पर आरंभ हुए जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला मैच कांटे का रहा। इस मैच में सीहोर बाइज और सीहोर क्लब की टीम 1-1 से बराबरी पर रही। गुरुवार की शाम को प्रतियोगिता के अंतर्गत एक ही मैच खेला गया था। जिसमें सीहोर बाइज की ओर से लक्की सूर्यवंशी और सीहोर क्लब की ओर से रोहित ने एक गोल किया।इस मौके पर नेशनल रेफरी विजेन्द्र परमार, बाक्सिंग में पदक प्राप्त करने वाली प्रतिज्ञा कुशवाहा और रेखा कुशवाहा का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर मनोज कन्नोजिया, राजा शर्मा, विपिन पवार आदि शामिल थे।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4235 रुपए जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। गुरुवार 25 दिसंबर को 4235 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

## बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद ने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन






हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर कानड़ नगर में विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यहा केवल एक व्यक्तित्व की हत्या नहीं है बल्कि मानवता, धार्मिकता, स्वतंत्रता और सभ्यता पर सीधा हमला है। इस दौरान बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया और युवाओं ने एकजुटता दिखाते हुए विरोध जताया। उन्होंने बताया कि बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा रहा है और सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग कर रहा है।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को हम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम सरकार से मांग करते हैं कि बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और अत्याचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष लखन गुर्जर, बजरंग दल संयोजक विपिन माली, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल उपाध्याय शंकर लाल कुमावत, बजरंग दल गोरख का प्रमुख रोहित केलकर लाल गुर्जर एवं वीएचपी बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रभातफेरी में किया विरोध प्रदर्शन

**नलखेड़ा।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ नगर में प्रतिदिन निकलने वाली प्रभातफेरी में विरोध प्रदर्शन किया गया एवं भारत माता की आरती कर हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की गई। श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा नगर में प्रतिदिन प्रातः 5.30 बजे से प्रभातफेरी निकाली जा रही है। शुक्रवार को प्रभातफेरी में मंडल के सदस्य बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे लगातार अत्याचार व उनकी हत्याओं के विरोध के पोस्टर लिए चल रहे थे। प्रभातफेरी के समापन पर चौक बाजार में भारत माता की आरती की गई। जिसके बाद गोविंद वेदिया ने बांग्लादेश सरकार से वहां रह रहे हिंदुओं की समुचित सुरक्षा की मांग की गई। साथ ही भारत सरकार से भी बांग्लादेश के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग की गई।



### विहिप बजरंग दल ने किया बांग्लादेश का पुतला दहन




**नलखेड़ा।** शुक्रवार सायं विहिप बजरंग दल ने स्थानीय शिवाजी चौराहे पर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार व उनकी हत्याओं को लेकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। शिवाजी चौराहे से सरदार पटेल चौराहा और यहाँ से शिवाजी चौराहे तक बांग्लादेश के पुतले की शवयात्रा निकाली गई इस दौरान कार्यकर्ता व आमजन पुतले को जूतों से मार रहे थे। शिवाजी चौराहे पर पुतले की जूतों से पिटाई कर पुतले का दहन किया गया। इस दौरान विहिप जिलाध्यक्ष किशोर बैरागी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित थे।

## तेज गति से जा रही कार ने तीन बाइक में मारी टक्कर, 4 घायल



**नलखेड़ा।** शुक्रवार को नलखेड़ा-आमला मार्ग पर तेज गति से जा रही कार ने बोरखेड़ी तालाब के आसपास तीन मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी जिसमे बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। जिसमें तीन लोगों को गंभीर चोट आई हैं। घायलों का जिला मुख्यालय पर उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर लगभग 3 बजे नलखेड़ा की ओर से आमला की ओर जा रही एक तेज गति अनियंत्रित कार ने सड़क पर चल रही तीन बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही सड़क पर लोग गिर पड़े और चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की और एंबुलेंस व पुलिस को सूचना दी। हादसे में घायल सोनू कारपेंटर को मामूली चोटें आई हैं। जिन्हें जिला अस्पताल आगर में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य तीन घायल जीवन सिंह राजेंद्र सिंह और अरुण गवली को गंभीर चोटें आने के चलते आगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज रफ्तार में थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया। इसी दौरान कार ने एक के बाद एक तीन बाइकों को टक्कर मार दी। पुलिस ने कार को जप्ती में लिया है।

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में सहकारी सेमिनार आयोजित



**नलखेड़ा।** शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में जिला सहकारी संघ शाजापुर के तत्वावधान में प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित नलखेड़ा के सहयोग से प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था परिसर में सहकारी सेमिनार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री पवन वेदिया विशेष अतिथि के रूप में किसान संघ प्रतिनिधि नारायणसिंह जोधा एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला सहकारी संघ शाजापुर के प्रबंधक शब्बीर खान ने उपस्थित कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया की केंद्र सरकार एवं राज्य शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं सहकारिता के क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही है जिसका लाभ संस्था सदस्यों एवं कृषकों को मिल रहा है। उन्होंने नवाचार के अंतर्गत सहकारी संस्थाओं के गठन पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित वेदिया ने बताया की केंद्र शासन द्वारा सहकारिता के माध्यम से सभी सोसायटियों को पेक्स से जोड़कर किसानों तक पहुंचाने का एक सराहनीय कार्य किया है। कार्यक्रम में जिले के नलखेड़ा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रेष्ठ किसान, श्रेष्ठ वसूली, अमानतदार को जिला सहकारी संघ की ओर से शाल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

### बंद कमरे में अंगीठी-कोयला जलाने से बचें

## तापमान 7 डिग्री सेल्सियस, स्वास्थ्य विभाग ने शीतलहर को लेकर एडवाइजरी जारी की



**सीहोर।** जिले में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले दो सप्ताह से सीहोर शीतलहर की चपेट में है। बढ़ती ठंड को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की अपील की है।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से स्थानीय संचार माध्यमों के जरिए मौसम पूर्वानुमान की नियमित जानकारी लेने और निर्देशों का पालन करने को कहा है। ठंड के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है। एडवाइजरी में कहा गया है कि लोग ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें और सिर, गर्दन, हाथ व पैरों को पूरी तरह ढककर रखें। लंबे समय तक ठंड में बाहर न रहने की हिदायत दी गई है। विभाग ने रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियां खाने और गर्म तरल पदार्थ पीने की सलाह दी है। आसपास रहने वाले बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक से खून आना जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने बंद कमरों में अंगीठी, फायर पॉट या कोयले के इस्तेमाल से सख्त चेतावनी दी है। इससे कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा होता है जो जानलेवा हो सकता है।

## विराट हिंदू सम्मेलन के लिए हुआ भूमिपूजन ध्वजारोहण क्षेत्र की 11 कॉलोनियों के लिए हो रहा है भव्य आयोजन

**सीहोर।** बस्ती स्तरीय विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए गुरूवार को विधायक सुदेश राय के मुख्य अतिथिय में साधु संतों हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों की विशेष उपास्थित में भूमिपूजन और ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के मध्य विधायक सुदेश राय ने कहा कि हिन्दु संगम सामाजिक एकता, समरसता, सांस्कृतिक चेतना धार्मिक परम्पराओं को सुदृढ़ बनाने और हिन्दू सामाज की सामुहिक शक्ति का प्रकटीकरण के लिए विराट हिन्दू सम्मेलन अति आवश्यक है।

विश्वहिन्दु परिषद बजरंगदल प्रमुख जगदीश कुशवाहा से बताया कि ब्रह्मपुरी बस्ती स्तरीय विराट हिन्दू सम्मेलन आगामी 4 जनवरी को आयोजित किया गया है। महाआयोजन को लेकर बजरंग अखाड़ा नदी चौराहा से सुबह 11 बजे कलश यात्रा प्रारंभ होगी। कलश यात्रा क्षेत्र के प्रमुख मांर्गो से होकर वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। कलश यात्रा के बाद भोजन प्रसादी दांगी पैलेस में रहेगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता ने बताया कि ब्रहापुरी बस्ती मोहल्ले में बडिय़ाखेड़ी, पटेल कॉलोनी, पार्टी, अंजनी धाम, कोलीपुरा ब्रह्मपुरी, देवनगर, इन्द्रानगर, डी.डी. स्टेट, गुलाब विहार, ऑफिसर कॉलोनी सम्मिलित है यही के नागरिकों के लिए मूल रूप से विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में सकल हिंदू सह परिवार सादर आमंत्रित रहेंगे।



### 1 करोड़ 50 लाख की लागत से कई सड़कों का होगा डामरीकरण

# कायाकल्प योजना में सड़कों का डामरीकरण नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने लिया कार्य का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में नगर पालिका द्वारा कायाकल्प योजना के तहत सड़कों के डामरीकरण का काम किया जा रहा है, जिसमें सड़कों की मरम्मत का निर्माण शामिल है। इसके लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये स्वीकृत किए गए हैं और कार्य तेजी से चल रहे हैं। गुरुवार को सुबह नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहर के बड़ा बाजार में जारी डामरीकरण का जायजा लिया और डामरीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। शहर के छावनी में कायाकल्प योजना के अंतर्गत मेन रोड, खजांची लाइन आदि मार्गों का डामरीकरण कार्य किया जा रहा है।

छावनी निवासी महेश पारिक ने कहा नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा शहर के अनेक स्थानों पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। शहर की हृदयस्थली बड़ा बाजार में डामरीकरण कार्य चल रहा है। निःसंदेह बड़ा बाजार को डामरीकरण की आवश्यकता थी, बस अब इसका सौंदर्यीकरण और हो जाए तो हमारे बाजार की शोभा और बढ़ जाएगी। डामरीकरण कार्य का जायजा लेने नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर पार्षदों के साथ पहुंचे थे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शहर में महानगर की तर्ज पर विकास कार्य किए जा रहे है। जिससे आने वाले दिनों में लोगों को राहत मिलेगी। वार्डों में जारी सड़कों निर्माण के साथ नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके अलावा कायाकल्प योजना के अंतर्गत करीब 1 करोड़ 50 लाख की लागत से अनेक सड़कों का डामरीकरण आदि कार्य शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा।




## पाश्चात संस्कृति का बहिष्कार करने और भारतीय संस्कृति की रक्षा करने का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

तुलसी के पौधे का सामुहिक पूजन कर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पाश्चात विदेशी संस्कृति का बहिष्कार करने और भारतीय संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प लिया। योग वेदांत सेवा संत आशाराम बापू आश्रम समिति द्वारा गुरूवार को तुलसी पूजन महोत्सव मनाया गया। वीडियो निर्देशन के माध्यम से श्रावक श्राविकाओं साधकों और श्रद्धालुओं के द्वारा माता तुलसी के पौधे का विधिवत पूजन किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए नागरिको को तुलसी के पौधे और सद साहित्य वार्षिक सनातन त्यौहारों की जानकारी वाले केलेंडरों का वितरण भी किया गया।

योग वेदांत सेवा समिति अध्यक्ष केके विश्वकर्मा ने बताया कि संतश्री आशाराम बापू आश्रम के द्वारा देश की युवा पीड़ी को विदेशी कुषित संस्कृति से बचाने और भारतीय सभ्य संस्कृतिक परपराओं के साथ तुलसी के औषधिय गुणों की जानकारी जनजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से देश भर के आश्रमों में तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठजन अभिषेक पांडे ने तुलसी पत्ती की शक्ति से श्रद्धालुओं को अवगत कराया और तुलसी पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम में योग वेदांत सेवा सत्संग संतश्री आशाराम बापू आश्रम समिति के सरंक्षक समाजसेवी सुदर्शन राय,बाबूलाल मिस्त्री,कुलभूषण बग्गा, कमल महौर नंदू महाराज,अभिषेक पांडे अंकित भाटी, महेश प्रजापति एवं महिलाए बच्चे शहर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु नागरिक शामिल रहे। सामुहिक आरती और प्रसादी वितरण के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।



खबर संक्षेप

### परिवार के लिए आशा का दीपक बनी अगम्या की मुस्कान



**देवास।** मुखर्जी नगर देवास निवासी 5 वर्ष 6 माह आयु की कुमारी अगम्या दुबे जन्म से ही मसूड़े में गठान की समस्या से पीड़ित थी। जो समय के साथ बढ़ती जा रही थी। अगम्या के पिता आदर्श दुबे एवं माता अनुजा दुबे बेहद चिंतित रहने लगे। अगम्या के परिजनों द्वारा अगम्या को इंदौर एवं भोपाल के कई निजी चिकित्सालयों में दिखाया गया। इन चिकित्सालयों में अगम्या की गठान की सर्जरी की सलाह दी गई और बताया गया कि इस सर्जरी के बाद अगम्या का चेहरा थोड़ा टेढ़ा भी हो जाएगा व अगम्या की 18 वर्ष बाद एक और सर्जरी करानी होगी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि 18 वर्ष तक अगम्या को तरल आहार (लिक्विड डाइट) पर ही रखना होगा। निजी चिकित्सालय में अगम्या की पहली सर्जरी में लगभग 80 हजार रूपये का व्यय आना बताया गया। अगम्या के पिता प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। अगम्या के परिजन उसे लेकर जिला चिकित्सालय देवास में जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में पहुँचे। सीएमएचओं डॉ सरोजनी जेम्स बेक ने डीएनएस हॉस्पिटल इन्दौर में आईएनजीए फाउंडेशन की क्लेफ्ट एन्ड कॉर्निओफेशियल सर्जन डॉ.अवनी पाण्डे से अगम्या के निःशुल्क उपचार हेतु संपर्क किया। फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क उपचार करने में सहमति जताई गई। 30 सितम्बर 2025 को डीएनएस हॉस्पिटल इंदौर में अगम्या की सफल और निःशुल्क सर्जरी की गई। अब अगम्या को पुनः और कोई सर्जरी नहीं करानी होगी। सर्जरी के बाद अगम्या के चेहरे में कोई परिवर्तन भी नहीं हुआ। अगम्या अब पूरी तरह से स्वस्थ है और खुशहाल बचपन बिता रही है। अगम्या के परिजन जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त करते हैं। कठिन परिस्थितियों से गुजर रहे परिवार के लिए अगम्या की मुस्कान अब आशा का दीपक बनी है।

### इंदौर डायग्नोस्टिक सोनोग्रॉफी सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग ने की कार्रवाई

# पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करने पर सेंटर संचालक पर एफआईआर दर्ज

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इन्दौर डायग्नोस्टिक सोनोग्रॉफी सेन्टर का किया था औचक निरीक्षण। ओआईसी स्वास्थ्य अंशु जावला के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष कोतकर ने करवाया प्रकरण दर्ज।




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मंगलवार को देवास में संचालित इन्दौर डायग्नोस्टिक सोनोग्रॉफी सेन्टर में औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पाया की शासन के दिशा -निर्देशों और प्रोटोकॉल पीसीपीएनडीटी एक्ट-1994 उल्लंघन कर सोनोग्राफी करने हेतु अयोग्य व्यक्ति जो स्वंय को एक्स-रे टैक्नीशयन बता रहा था के द्वारा महिला की सोनोग्राफी की जा रही थी, जिसे मौके पर टीम ने पकडा, टीम को गम्भीर अनियमितता मिली।

टीम द्वारा रिकार्ड जब्ती की तत्काल कार्यवाही करते हुए सोनोग्रॉफी सेन्टर को बंद किया गया। तत्पश्चात दुसरे इन्दौर डायग्नोस्टिक सोनोग्रॉफी सेन्टर क्षिप्रा में टीम पहुचकर कार्यवाही की थी। डॉ. पंकज गुप्ता, एम.बी.बी.एस. रेडियोलॉजिस्ट एवम संचालक, द्वारा दोनो सानोग्राफी सेंटर को गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनिक (लिंग चयन प्रतिशेध) अधिनियमम 1994 के अंतर्गत प्रथम इन्दौर डायग्नोस्टिक सोनोग्रॉफी सेन्टर 168, भगत सिंह मार्ग, नगर निगम चैराहा देवास म.प्र. क पंजीयन 20-10-2027 तक तथा दुसरा इन्दौर डायग्नोस्टिक सोनोग्रॉफी सेन्टर भदौरिया कॉप्लेक्स, पुराना ए.बी. रोड, युनियन बैंक के पास क्षिप्रा जिला देवास म.प्र. का 08-10-2029 तक का पंजीयन कराया गया था।



तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। भविष्य में निरीक्षण के समय बंद सोनोग्रॉफी सेन्टर खुला पाये जाने एवं सोनोग्रॉफी करते हुये पाये जाने पर इनके विरूद्ध पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। संयुक्त कलेक्टर देवास एवं ओ.आई.सी. अंशु जावला के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. बेक ने आदेशानुसार जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतोष कोतकर ने कोतवाली थाना देवास पहुंचकर इन्दौर डायग्नोस्टिक सोनोग्रॉफी सेन्टर संचालक ,डॉ पंकज गुप्ता, एमबी.बी.एस. रेडियोलॉजिस्ट निवासी इन्दौर एवं निरीक्षण के दौरान असक्षम व्यक्ति द्वारा सोनोग्रॉफी करने वाले गडडु कुमार, निवासी बिहार के विरूद्ध पीसीपीएनडीटी एक्ट-1994 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई।

# गुलाबी ठंड में देर रात एक बजे तक हुई प्रस्तुति

### वॉइस ऑफ देवास सीजन- 2 में ग्वालियर के गोविंद एवं जूनियर में खरगोन की आराध्या रही विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

वॉइस ऑफ देवास सीजन- 2 का रंगारंग कार्यक्रम के साथ 26 दिसम्बर को समापन हुआ। श्री हरि म्यूजिकल ग्रुप अध्यक्ष बंटी मंगरोलिया एवं निर्देशक मुस्कान राठौर ने बताया कि मक्सी रोड स्थित चामुंडा पैलेस, आवास नगर में हुए संगीत महायुद्ध के समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध गायिका रीमा गांगुली (किशोर कुमार की बहू) एवं मुक्तिका गांगुली (किशोर कुमार की पोती), इंडियन आइडल फेम गायक निखिल तिवारी, देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश चौहान विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते, मनीष जैन सहित कई गणमान्यजन शामिल हुए।

सर्वप्रथम माँ तुलजा भवानी-माँ चामुण्डा की पूजा व आरती कर गै्रंड फिनाले की शुरूआत हुई। वॉइस ऑफ देवास सीजन- 2 में 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 23 प्रतिभागी चयनित हुए। गुरूवार को शाम 7 बजे से गै्रंड फिनाले शुरू हुआ जो गुलाबी ठण्ड के बीच रात्रि 1 बजे तक चला। जिसमें सभी चयनित 23 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। पूरे समारोह में उपस्थित रहे जजों ने अंत में अपना फैसला सुनाया। वॉयस ऑफ देवास सीजन-2 के विजेता गोविंदपाल सिंह रंधावा- ग्वालियर, द्वितीय अदिति भटनागर- देवास एवं तृतीय मिनाक्षी नगर - देवास रही। वहीं जूनियर वर्ग में आराध्या अटोदे खरगोन विजेता रही।

समारोह में उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों ने विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 31,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 21,000 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 11,000 रुपये का चेक भेंटकर सम्मानित किया। 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तीन विशेष नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान मिस मुक्तिका गांगुली एवं निखिल तिवारी ने भी अपनी आवाज का जलवा बिखेरकर खूब दाद बटोरी। देर रात्रि तक चले समारोह में कलाकारों ने एक से बढकर एक प्रस्तुतियां देकर समा बांधे रखा।

### सीबीआई ने केंद्रीय विद्यालय के अधिकारी को 60,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार




**देवास।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (CBI) ने सीनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट, केंद्रीय विद्यालय, बीएनपी, देवास को 60,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गुरुवार को गिरफ्तार किया।सीबीआई ने यह केस 23 दिसंबर को एक लिखित शिकायत के आधार पर दर्ज किया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी सीनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट ने सिक्योरिटी और मैनपावर सर्विस देने से जुड़े बिल क्लियर करने के लिए 60,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी।सीबीआई ने गुरुवार को जाल बिछाकर आरोपी को बैंकिंग चैनल के ज़रिए 60,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। बाद में, आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया, जिसमें 3 दिन की पुलिस कस्टडी मिली है। आगे की कार्रवाई जारी है।

### उपायुक्त जाफरी ने किया क्षिप्रा बैराज का निरीक्षण



**देवास।** नगर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने ग्राम अलीपुर टुमनि स्थित क्षिप्रा बैराज का निरीक्षण कर बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 के प्रावधानों के तहत बांध का सुरक्षा मूल्यांकन करने और रोड मैप व एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए। उपायुक्त जाफरी ने निरीक्षण के दौरान बाँध की तटबंध,स्पिलवे,गेटों,जलस्तर और संरचनात्मक स्थिति का सूक्ष्मता से जायजा लिया।प्रभारी कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा ने बताया कि उपायुक्त जाफरी ने क्षिप्रा बैराज की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि निगम अधिकारी बैराज की नियमित रूप से जांच करे और समय समय पर उसका रखरखाव करे,साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन तैयार रखने और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को सतर्क करने की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। आगामी ग्रीष्म ॠतु में पेयजल वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने की दृष्टि से बंधान में जलभराव व जल स्तर की दैनिक समीक्षा करें। निरीक्षण में तटबंध पर कहीं-कहीं हल्के कटाव एवं झाड़-झंखाड़ की समस्या पाई गई, जिस पर संबंधितों को तत्काल सफाई एवं मरम्मत कराने के लिए कहा गया। निरीक्षण में कंट्रोल रूम को व्यवस्थित करने, टीन शेड का निर्माण करवाने, ब्रिज के रैंप को दुरुस्त करने, पानी के लेवल के स्केल को रंग -रोगन करने के लिए निर्देशित किया गया।

# उत्साह से मनाई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा




बागली विधानसभा अंतर्गत जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान नगर करनावद में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वी जयंती के अवसर पर नगर पंचायत करनावद एवं बूथ क्रमांक झिकडाखेडा में वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं अटल जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष परसराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल,सुनील शर्मा सहित सभी पार्षद गण व कार्यकर्ता उपस्थित थे। बागली क्षेत्र में अटलजी का आगमन 1980 के दशक में हुआ था। तस्वीरें आज भी लोगों के घरों के साथ दिल में मौजूद है।देश को परमाणु सम्पन्न बनाने में वाजपेई जी का बड़ा योगदान है। उक्त विचार भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपाई की जयंती पर चापडा में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। नगर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपाई के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान प्रवीण चौधरी, सुनील पुरोहित, डॉ. जेसी यादव शांतिलाल यादव, आनंदीलाल पाटीदार,गंगाराम पाटीदार,किशोर यादव, मुबारिक ठेकेदार, ईश्वर प्रजापत, सचिन सेंधव, रविन्द्र सेंधव, रामेश्वर यादव, गौरीशंकर पांचाल, अखिल पुरोहित, लक्की जैन, सुदीप पाठक, पवन बैरागी आदि उपस्थित रहे।

# विधायक के मुख्य आतिथ्य में चिश्तिया ग्रुप ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा




नगर में शुक्रवार को चिश्तिया ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 22 वे उर्स के मौके पर आजाद चौक में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष परवेज विनर ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि वक्फ बोर्ड जिला अध्यक्ष जुबेर लाला,मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, भौरासा नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्याय जय सिंह राणा थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों का सम्मान चिश्तिया ग्रुप के सदर रेहान मदनी एवं नायब सदर अकील बेलिम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा नगर व क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में ग्राम सुमरा खेड़ी के चयनित हुए अपर कलेक्टर पंकज परमार, तौहीद शेख, बास्केटबॉल अंडर 16 राष्ट्रीय खिलाड़ी, कृष्णा चौधरी हाई सेकेंडरी छात्र कक्षा 12 वीं मे 75% अंक प्राप्त करने पर, जनाब मोनीश शेख प्रतिभा छात्र कक्षा दसवीं में श्रेष्ठ छात्र के रूप में हाई स्कूल परीक्षा में 93% से अधिक अंक प्राप्त करने पर, आनंद लोधी 80, से अधिक अंक प्राप्त करने पर , मुजाहिद शेख प्रो पंजा लीग एथलेटिक्स एमपी 2025, इसी तरह रेहान अली प्रो पंजाब लीग एथलेटिक्स 2025 विजेता,जिला देवास का सम्मान किया गया। इसी तरह नगर के लोकप्रिय चिकित्सक डॉ. अरविंद पुराणिक, डॉ. मोहसिन खान, डॉ. अजहर खान, डॉ.अमन खान को भी सम्मानित किया गया। वही मोहित शेख, इरफान पठान को सर्वश्रेष्ठ डेकोरेशन सजाने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंजूर भाई सरपंच, भीम धारू,हाजी इकबाल, आफताब आलम सैयद साजिद अली, खालिद कुरैशी, अजहर चिश्ती, निजाम कुरेशी, शेख हाफिज, दरबार सादिक, शाह पूर्व सदर इसरार चिश्ती शेख आदिल टेलर, इरफान शेख आदि मौजूद रहे।

### देवास ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक संपन्न

# एसोसिएशन के पदाधिकारियों को मिली प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन मध्य प्रदेश सराफा की प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक विगत दिनों आष्टा में संपन्न हुई।

बैठक में प्रदेशभर के 60 से अधिक सराफा व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय जैन (देवास), प्रदेश महामंत्री संतोष सराफ (खंडवा) एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष कृष्ण मुरारी अग्रवाल (हरदा) की उपस्थिति में प्रदेश कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से देवास सराफा एसोसिएशन के सचिव ॠषि कुमार सोनी को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया।

दिलीप सिंह चौधरी, सत्येंद्र जैन, आशीष सोनी, धर्मेंद्र सोनी (बंटी) एवं अभिषेक सोनी को ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन मध्य प्रदेश सराफा का प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। देवास सराफा एसोसिएशन को प्रदेश स्तर पर प्रतिनिधित्व मिलने से नगर सहित पूरे क्षेत्र के सराफा व्यापारियों में हर्ष का माहौल है। सभी व्यापारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी तथा प्रदेश अध्यक्ष संजय जैन एवं प्रदेश महामंत्री संतोष सराफ के प्रति आभार व्यक्त किया।

बैठक में जून 2026 में भोपाल में आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मेलन की रूपरेखा एवं योजनाओं पर भी चर्चा की गई। कार्यकारिणी ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि संगठन को तहसील स्तर तक मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जिला एवं तहसील स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को सशक्त करने, स्थानीय व्यापारियों से सीधा संवाद स्थापित करने तथा संस्था की पहुंच जमीनी स्तर तक ले जाने के लिए ठोस और प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान को व्यापक रूप से चलाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को उनके दायित्वों के अनुरूप नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, जिससे संगठनात्मक कार्यों को स्पष्टता और गति के साथ आगे बढ़ाया जा सके।

# बजरंग सेना ने बांग्लादेश के पुतले का किया दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

बांग्लादेश में हिन्दूओ पर हो रहे अत्याचार को लेकर आमजनता में आक्रोश देखा जा रहा है। हिंदू समाज में भारी आक्रोश है। बजरंग सेना ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी बांग्लादेशी हिंदू पर अत्याचार होता है तो भारत का हिंदू समाज इसे कभी सहन नहीं करेगा।

देश के कोने कोने में हिंदू समाज एकत्रित होकर बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन में आवाज उठा रहा है। विरोध स्वरूप शुक्रवार को बजरंग सेना जिला अध्यक्ष प्रतिक वैष्णव के नेतृत्व में चौराहे पर बांग्लादेश का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान बांग्लादेश में निर्दोष हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ देशभर में बजरंग सेना के आव्हान पर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इस दौरान बजरंग सेना प्रदेश प्रभारी मोहित जाट, जिला अध्यक्ष प्रतीक वैष्णव,गौ रक्षा जिला अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा,नाना जैन,टोनी जैन, नाना वैष्णव, काबरू उपाध्याय, सचिन सेंधव, देवेन्द्र सिंह पटेल, कुलदीप यादव, गणेश पटेल, राहुल परमार, राहुल शर्मा, रविन्द्र सेंधव, अरविंद राठौर सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## मध्यरात्रि राजगढ़ मुख्यालय पर मचाया आतंक, सराफा व्यापारियों की दुकानों पर निशाना

# आधी रात सर्राफा साफ, 5 से 6 लाख का माल ले उड़े हथियारबंद बदमाश

**खास बातें**

- जिस व्यापारी के यहां चोरी हुई घटना के कुछ समय बाद अटैक से उनका निधन
- पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य अधिकारियों ने किया मौका-मुआयना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुलिस की नाईट पेट्रोलिंग को एक बार फिर से धता बताते हुए राजगढ़ मुख्यालय पर बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि 15 से अधिक हथियारबंद अज्ञात डकैतों ने किला क्षेत्र में बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। इन बदमाशों ने दो सराफा कारोबारोरियों के यहां से करीब 5-6 लाख की नकदी, ज्वेलरी सहित अन्य सामानों पर हाथ साफ किया। एक अन्य कारोबारियों के यहां भी ये सेंध लगाने के प्रयास में नाकामयाब रहे।

किला क्षेत्र में इन वारदातों को अंजाम देने के बाद ये डकैत/चोर इतने पर भी नहीं रुके और बांसवाड़ा क्षेत्र में एक युवक की बाईक चुरा ले गए। रात्रि करीब 3.30 पर हुई इस घटना की जानकारी लगते ही पूरे नगर में सुरक्षा के लिहाज से दहशत मच गई। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दुःखद यह भी हुआ कि एक जिन व्यापारी के यहां चोरी हुई उनका गुरुवार दोपहर को अचानक हृदयाघात से निधन हो गया।

### रात 3 बजे लट्ठ, हथियारों से लैस होकर पहुंचे बदमाश

राजगढ़ नगर के किला क्षेत्र में सराफा व्यापारी राजू सरार्फ के यहां सबसे पहले वारदात को अंजाम दिया गया। यहां बदमाशों ने उनकी दुकान का शटर उचकाकर करीब 4 लाख रुपए नकद एवं चांदी की ज्वेलरी चुराई। इसी मकान में सचिन सोनी की दुकान का ताला तोड़कर तिजोरी में रखी गुल्लक निकालकर उसमें रखे करीब 40 हजार रुपए व ज्वेलरी पर भी हाथ साफा कर दिया।



15 से अधिक की संख्या में आए इन बदमाशों ने समीप के मुकेश सोनी की दुकान पर भी हाथ साफ करने का प्रयास किया लेकिन इस बीच आसपास के निवासियों द्वारा चोर-चोर पुकारने से घबराए बदमाश जितना हाथ लगा उतना माल लेकर पुरानी कोतवाली के पास छारबाग वाले रास्ते से भाग खड़े हुए। इसके उपरान्त उन्होंने बांसवाड़ा मुक्तिधाम के समीप खड़ी युवक कमल मेवाड़े की बाईक भी चुरा ली।

### शोर मचा तब भागे बदमाश

किला क्षेत्र में जब सभी बदमाश वारदातों को अंजाम दे रहे थे उसी समय मुर्तजा वोहरा को आहट आने पर जब उन्होंने घर से झांककर देखा तो उनके होंश फाख्ता हो गए। हालांकि, उन्होंने धीरज नहीं खोया और तुरंत पुलिस को इत्तिला देने के साथ ही बड़ी तेज आवाज में चोर-चोर मचाया। इसके चलते सभी बदमाश भाग खड़े हुए। इस दौरान उनके द्वारा फेंके गए पत्थरों से मुर्तजा को भी कंधे पर चोट आई।

### बांसवाड़ा क्षेत्र में युवकों ने दिखाया साहस

किला क्षेत्र में वारदात को अंजाम देने के बाद जब ये बदमाश बांसवाड़ा क्षेत्र के रास्ते भाग रहे थे तब अमित मेवाड़े, कमल मेवाड़े, गोलू मेवाड़े, प्रकाश चैरासिया ने उनका सामना करने का प्रयास भी किया। इस दौरान बदमाश एक थैला भी आनन-फानन में मौके पर गिरा गए जिसे बाद में इन युवकों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### वारदात के कुछ घंटे बाद व्यापारी का निधन

किला क्षेत्र में जिन सुमित सोनी के यहां बदमाशों ने चोरी को अंजाम दिया था उनके पिता सुंदरलाल सोनी को जब इस की खबर मिली तो दोपहर करीब 2 बजे उन्हें हार्टअटैक आ गया। इस दौरान नवयुवक गौसेवा समिति के युवकों ने सीपीआर इत्यादि देकर उनकी जान बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन वे नहीं बच पाए।

### इनका कहना है

घटना की पतारसी के लिए पांच विशेष टीमें गठित की गई हैं। सीसीटीवी, तकनीकी साक्ष्यों सहित अन्य सभी पहलुओं के आधार पर बदमाशों का पता लगाया जा रहा है। वे जल्द सलाखों के पीछे होंगे।
- **अमित तोलानी,** पुलिस अधीक्षक, राजगढ़

## हम हैं धरती के दूत रहेगी इस वर्ष के अनुभूति शिविर की थीम

# वन विभाग व मध्य प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड करेगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



वन विभाग एवं मध्य प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले स्कूली विद्यार्थियों के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम अनुभूति के इस वर्ष के शिविरों का आयोजन राजगढ़ वन मंडल में भी 26 दिसम्बर से 31 जनवरी के मध्य किया जाएगा।

पूरे प्रदेश में 472 वन परिक्षेत्रों में 950 से भी अधिक शिविरों के माध्यम से लगभग 1 लाख 20 हजार बच्चों को प्रशिक्षित किये जाने की तैयारी की गई है। विगत 9 वर्षों से अनुभूति शिविरों के मास्टर ट्रेनर भगवती शरण शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर में आने वाले विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी जिनमें कि पक्षी एवं वन्य प्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण, प्रकृति की पाठशाला, वानिकी गतिविधियों की जानकारी, वन, वन्य प्राणी एवं पर्यावरण के महत्व का रेखांकन, विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान, प्रश्नोत्तरी, वन अमले का परिचय, परिचर्चा, सांस्कृतिक गतिविधियां, नेचर वॉलिंटियर फोर्स का गठन, पर्यावरण रक्षा की सामूहिक शपथ के साथ पुरस्कार वितरण आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, शिविर में आने वाले विद्यार्थियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन आदि की व्यवस्था भी वन विभाग द्वारा की जा रही है।

राजगढ़ जिले के तीनों वन परिक्षेत्रों से 2-2 शिविरों के मान से कुल 6 शिविरों का आयोजन वन्यप्राणी अभ्यारण्य, चिड़ीखोह में किया जाएगा।

### इस वर्ष की थीम हम हैं धरती के दूत

म.प्र. एकोटूरिज्म बोर्ड द्वारा पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवाचार करते हुए आगंतुक विद्यार्थियों को पर्यावरण हितेषी जीवनशैली को प्रोत्साहित करने एवं नई पीढ़ी को जिम्मेदारी पूर्वक पृथ्वी के परिष्तिथिकीय तंत्र के संरक्षण के लिए तैयार करने के उद्देश्य से इस वर्ष की थीम हम हैं धरती के दूत रखी गयी है जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन शिविर मैं आने वाले विद्यार्थियों के लिए विभाग द्वारा किया जावेगा ।

## सड़क नाम परिवर्तन पर होगी सियासी जंग

**ब्यावरा।** नगरपालिका द्वारा ब्यावरा नगर के राजगढ़ रोड, जो शासकीय अभिलेख मे स्वर्गीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम से दर्ज है उसको बिना किसी कारण से परिवर्तित कर द्वेष की मानसिकता का परिचय दिया है साथ ही भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत को अपमानित किया है। नाम परिवर्तन के विरोध मे ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व मे तथा सभी सम्मानीय स्थानीय वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति मे 28 दिसंबर को ज्ञापन एसडीएम ब्यावरा को दिया जाएगा। आप सभी सम्मानीय कांग्रेस परिवार ,युवा कांग्रेस ,एन एस यू आई ,महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस, पिछडा वर्ग कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथियो से सादर अनुरोध है की इस कार्यक्रम मे सम्मिलित हो कर इस कांग्रेस पार्टी की आवाज को बुलंद करें।

## सकल हिंदू समाज का जनवरी माह में आयोजन

# राजगढ़ क्षेत्र के 84 हनुमान मंदिरों की करेंगे पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सनातन और धर्मभाव को बढ़ावा देने नगर के सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आगामी 24 जनवरी 2026 से 30 जनवरी तक सात दिवसीय 84 हनुमान दर्शन यात्रा का आयोजन करवाया जाने वाला है। नगर के लगभग 80 हनुमान मंदिरों सहित चार अन्य हनुमान मंदिरों के लिए यह पैदल यात्रा की जाएगी। यात्रा के समापन उपरान्त मां जालपा धाम पहाड़ी की पैदल परिक्रमा भी सैकड़ों धार्मिकजनों द्वारा की जाएगी। उक्त आयोजन की तैयारियों को लेकर गत दिवस भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान संपूर्ण यात्रा के संबंध में विस्तृत रूपरेखा तैयार की करते हुए आधिकाधिक हिन्दू समाज को इस आयोजन से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि यात्रा के अंतिम दिवस 30 जनवरी को जालपा मैया की पहाड़ी की पैदल परिक्रमा उपरान्त पूजा-आरती एवं प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## सकल हिन्दू समाज ने किया पुतला दहन, सड़कों पर की जमकर नारेबाजी

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रैली निकाल कर किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पडोसी देश बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न और हिंसक घटनाओं के विरोध में गुरुवार को सकल हिन्दू समाज, सारंगपुर के तत्वावधान में नगर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में हिन्दू समाजजनों ने एकजुट होकर पैदल रैली निकालते हुए बस स्टैंड पर मोहम्मद युनुस का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के मुखर्जी चैक से हुई, जहां सकल हिन्दू समाज के सैकड़ों सदस्य एकत्रित हुए। वहां से नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पैदल रैली निकाली गई। रैली के दौरान हाथों में तख्तियां और भगवा ध्वज लिए प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने तथा भारत सरकार से ठोस हस्तक्षेप की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। रैली का समापन नगर के बस स्टैंड पर किया गया, जहां बांग्लादेश सरकार का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर लगातार हमले, मंदिरों में तोडफोड, घरों को जलाना और महिलाओं पर अत्याचार जैसी घटनाएं अत्यंत निंदनीय हैं। वक्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस गंभीर मुद्दे को उठाकर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए।

## हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां को लेकर बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोरदृशोर से प्रारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को सुदर्शन बस्ती स्थित माता मंदिर परिसर में सर्व हिन्दू समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर एवं आसपास की बस्तियों से बडी संख्या में सामाजिक, धार्मिक एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, प्रचारदृप्रसार एवं सहभागिता बढाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

## सुंदरपुरा प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित हुई, लिए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर



समीपवर्ती गांव सुंदरपुरा में विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक गांव के श्री राम मंदिर पर रखी गई जिसमें ग्राम प्रस्फुट समिति समिति के अध्यक्ष मांगीलाल लववंशी सचिव राहुल शर्मा एवं समित के सभी सदस्य और गांव के नागरिक उपस्थित रहे बैठक में नवांकुर समिति श्री महावीर चाठा कुंडी बालाजी शिक्षण समिति के अध्यक्ष दिनेश लववंशी सचिव राधेश्याम लववंशी उपस्थित रहे कई बिंदुओं पर चर्चा की गई जैविक खेती जल संरक्षण अभियान नशा मुक्ति पर्यावरण बचाओ स्वच्छता स्वास्थ्य आदि सामाजिक मुद्दे प्रमुख रहे।

## शासकीय मॉडल स्कूल खुजनेर में प्रेरक कार्यक्रम किया गया संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



शासकीय उच्चतर माध्यमिकविद्यालय खुजनेर में शिक्षाविद सत्यनारायण शर्मा एवं प्रेम नारायण नागर की उपस्थिति में एक प्रेरणादाई कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें सत्यनारायण शर्मा के द्वारा कक्षा 12वीं के छात्रों को आध्यात्मिक भावनाओ से जोडते हुए,यह समझाने का प्रयास किया गया कि जिस तरह शरीर के विकास के लिए संतुलित एवं पोषित भोजन की आवश्यकता होती है,उसी तरह मन को भी भोजन के रूप मे अच्छे विचारों की आवश्यकता होती है क्योंकि दूषित विचारों से मन दूषित हो जाता है प्रेमनारायण नागर ने अनुभव से कक्षा 12 के छात्रों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। इसमें संस्था प्राचार्य आशीष गुप्ता गिरवर नागर,राजेश पाटीदार,गोविंद गुप्ता एवं जितेंद्र कुमार यादव ने मार्गदर्शन दिया।

# विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर शोभायात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समग्र हिन्दू समाज को जाग्रत करने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन का आगाज अक्षत कलश , शोभा यात्रा एवं नवीन हाट बाजार तालाब परिसर में भुमि पुजन से हुआ। आगामी 11 जनवरी को होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर में शोभा, कलश यात्रा एवं भुमि पुजन का आयोजन हुआ।

यात्रा में पुरुषों के साथ बडी संख्या में महिलाओं शामिल हुए। महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण किए यात्रा को सुशोभित कर रही थी वहीं युवा वर्ग एवं पुरुष भगवान के जयकारे लगाते चल रहे थे तथा हनुमान चालीसा का नगर मुख्य इंदर चौराहे पर पाठ किया। ाोभायात्रा रामलीला चौक से शुरू होकर बुधवारिया बाजार अटल चोक से होती हुई खिलचीपुर नाका नवीन हाट बाजार परिसर में पं. अनुराग शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना से भूमि पूजन किया गया। यात्रा में रथ पर विराजमान राम लखन की झांकी आकर्षण का केंद्र रही पुजा अर्चना उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।


## राष्ट्रनिष्ठ विचारक, ओजस्वी वक्ता एवं पूर्व पीएम की जन्म जयंती पर हुए आयोजन

### भारत रत्न अटल बिहारी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

# सुशासन दिवस पर राजगढ़ रोड अब बना अटल बिहारी मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





सुशासन के प्रणेता, राष्ट्रनिष्ठ विचारक, ओजस्वी वक्ता एवं पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के पावन अवसर पर ब्यावरा नगर को एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण सौगात प्राप्त हुई। नगर के प्रमुख पीपल चैराहे पर अटल जी की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार एवं सांसद रोडमल नागर द्वारा पूर्ण विधि-विधान के साथ किया गया।

इस अवसर पर नगर के विकास और स्मृति-संरक्षण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई। अब ब्यावरा नगर का प्रमुख राजगढ रोड, देश के महान नेता की स्मृति में 'अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग' के नाम से जाना जाएगा। यह निर्णय नगर के इतिहास में एक नई पहचान और गौरव का अध्याय जोडने वाला माना जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संस्कृति और राष्ट्रसेवा की जीवंत मिसाल थे। वे भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिनकी स्वीकार्यता सभी दलों और विचारधाराओं में समान रूप से रही।

उन्होंने कहा, "हमारा ब्यावरा एक उभरता हुआ आधुनिक नगर है। पीपल चैराहे पर अटल जी की प्रतिमा की स्थापना से नगर को वैचारिक ऊर्जा और सांस्कृतिक पहचान मिलेगी। अटल जी के विचार आज भी हमें राष्ट्रहित में निर्णय लेने की प्रेरणा देते हैं।" मंत्री पंवार ने अटल जी के जीवन से जुड प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी राजनीति राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर आधारित थी। उन्होंने 1994 का उदाहरण देते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार के समय, तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री पी.वी. नरसिम्हा राव ने विपक्ष के नेता होने के बावजूद अटल जी पर भरोसा जताया और उन्हें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग, जेनेवा में भारत का पक्ष रखने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सौंपा। यह वह क्षण था, जब दल से ऊपर देश को रखा गया और अटल जी की राष्ट्रनिष्ठा पर सम्पूर्ण देश को गर्व हुआ,। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी कुशवाह, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, जिला महामंत्री देवी सिंह सौंधिया, ममता इंदौरिया, जिला उपाध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी, जगदीश पंवार,जसवंत गुर्जर, अमित शर्मा, रामनारायण दांगी, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, जयेंद्र गुर्जर, बलवान सिंह , पार्षदगण, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे,सीएमओ इकरार अहमद, सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### अटल जी के विचारों ने राजनीति को सही दिशा और समाज को विश्वास दिया: सांसद नागर

सांसद रोडमल नागर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल नेता नहीं, बल्कि विचारधारा और संवेदना का संगम थे। उन्होंने कहा, "अटल जी ने अपने विचारों को जीवन में उतारकर दिखाया। उन्होंने सिखाया कि सत्ता में रहते हुए भी विनम्रता और जनसंवेदना कैसे बनाए रखी जाए।"

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती



**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद के नेतृत्व में गुरुवार को नगर के अटल चैक पर पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अटल चैक स्थित उनकी प्रतिमा पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक एवं पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित किया। पोखरण में किए गए परमाणु परीक्षण के माध्यम से उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित किया।